# गुटबाजी समाप्त करने के लिए प्रदेश भाजपा में किए बदलाव, लेकिन बढ़ रही है गुटबाजी

## पार्टी के तमाम कार्यक्रमों से दूरी बना रही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे

**जयपुर।** प्रदेश में कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में भाजपा में गुटबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा प्रदेश में गुटबाजी को समाप्त करने के लिए प्रदेश संगठन में बदलाव किए थे लेकिन ये गुटबाजी समाप्त होने के बजाय बढ़ती जा रही है। जिसका ताजा उदारहण नागौर के लाडनूं में प्रदेश कार्यसमिति बैठक से देखा जा सकता है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सांसद किरोड़ीलाल मीणा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता नहीं आये। इसके साथ ही कार्यसमिति में पहली बार कई अवस्थाएं देखने को मिली।

कार्यसमिति की बैठक में कई विधायकों एवं पूर्व विधायकों को कई देर मशक्कत करने के बाद एंट्री पास बनाए गए। इसके साथ ही कार्यसमिति जिस हॉल में की जा रही थी, वहां पर ऐसी खराब था और इतनी गर्मी थी कि जिसके कारण 4-5 पदाधिकारियों की तबीयत बिगड़ गई थी। सीपी जोशी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली प्रदेश कार्यसमिति थी। जिसमें भाजपा में गुटबाजी साफ तौर पर सामने आ गई और इससे पहले भी प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और सीपी जोशी द्वारा कराये गये तमाम बड़े कार्यक्रमों से वसुंधरा राजे दूरी बनाये रहीं और वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री राजे महीने भर के दौरान कई जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुकी हैं। वही लाडनूं में प्रेस वार्ता के दौरान जब भाजपा के नेताओं से पूछा कि वसुंधरा राजे क्यों नहीं आई प्रदेश कार्यसमिति में, तो उनका जवाब था कि निजी कारणों से नहीं आई। वही हाल ही में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया सहित कई नेताओं की भाजपा में ज्वाइनिंग हुई, क्या उसमें वसुधरा राजे को बुलाया नहीं गया या वह निजी कारणों से नहीं आई। यह चर्चा भी कार्यकर्ताओं में बनी हुई है। वहीं जिस दिन इन नेताओं को सदस्यता ग्रहण करवाई जा रही थी तब भी भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं में भाजपा मुख्यालय में ये चर्चा अकसर कर रहे थे। हालांकि कई कार्यकर्ता ये कह रहे हैं कि सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में राजे को सूचना ही नहीं दी गई। सीपी जोशी द्वारा भाजपा की कमान संभालने के बाद अधिकांश जिला जन आक्रोश सभाओं में कुर्सियां खाली रहने और जनता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दूरी बनाने की चर्चा प्रदेश से लेकर दिल्ली तक है, आखिर क्या वजह है कि पार्टी में सन्नाटा और मायूसी है? सियासी गलियारों चर्चा यह भी कि तमाम जिलों के जिला अध्यक्ष प्रदेशाध्यक्ष से मिलने का समय मांग रहे हैं लेकिन वह व्यवस्थित तरीके से बातचीत का कई जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों को समय नहीं दे पा रहे हैं। क्या समय देने के लिये सीपी जोशी को संगठन महामंत्री से अनुमति लेनी पड़ती है या कुछ और वजह है? इसके साथ ही भाजपा में पिछले समय से चल रही पोस्टर पॉलिटिक्स पर नेता व कार्यकर्ता कहते हैं कि ये सब पोस्टर पॉलिटिक्स भी भाजपा कार्यालय से ही चलती हैं।

- सियासी गलियारों चर्चा यह भी कि तमाम जिलों के जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष से मिलने का समय मांग रहे हैं लेकिन वह व्यवस्थित तरीके से बातचीत का कई जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों को समय नहीं दे पा रहे हैं

चर्चा है कि भाजपा प्रदेश कार्यालय से लेकर जिलों में और पार्टी के कार्यक्रमों में होर्डिंग्स पर किन-किन नेता के फोटो लगेंगे और उनके डिजाइन तक भी संगठन महामंत्री ही तय करते हैं।

पिछले सवा तीन सालों में सियासी गलियारों में यह चर्चा बनी रहती थी कि राजस्थान भाजपा में आए दिन 'पोस्टर-होर्डिंग्स पॉलिटिक्स' चलती रही, जबकि पार्टी के कार्यक्रमों में सभी प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही, आखिर क्या वजह है गुटबाजी की, वहीं हकीकत यह थी कि गुटबाजी कहीं भी नहीं थी, सिर्फ गुटबाजी दिखाने की 'पोस्टर-होर्डिंग्स' में बार-बार फोटो बदलने से कोशिश की गई और यह 'पोस्टर-होर्डिंग्स' फोटो बदलने का निर्णय संगठन महामंत्री ही तय करते थे और आज भी वही तय करते हैं। इसकी चर्चा भाजपा के नेताओं से सुनी जाती है। कार्यकर्ताओं में चर्चा यह भी भाजपा राजस्थान के ट्विटर और फेसबुक पर किस नेता का फोटो और पोस्ट लगेगा यह भी संगठन महामंत्री सोशल मीडिया और आइटी विभाग को निर्देशित करते हैं।

# राज्यपाल ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में महाराणा प्रताप जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मिश्र ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी योद्धा थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध होकर संघर्ष करते अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा किसी राष्ट्र नायक ने हमारे देश में दी है, तो वह महाराणा प्रताप ही हैं। मिश्र ने महाराणा प्रताप के शौर्य, वीरता और त्याग को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को उनकी गौरवगाथाओं से अधिकाधिक जोड़ने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास करने का आव्हान किया है।

# बांधों की सुरक्षा के लिए मिशन मोड में काम कर रही केन्द्र सरकार : गजेन्द्र सिंह

## जयपुर में स्थापित होगा भूकंप से बांधों की सुरक्षा का राष्ट्रीय केन्द्र

**जयपुर, (का.सं.)।** देश में बांधों की भूकंप और अन्य आपदाओं से सुरक्षा का राष्ट्रीय केन्द्र जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) में स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में आज जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण और एमएनआईटी के बीच एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि केन्द्र सरकार बांधों की सुरक्षा और रख-रखाव के प्रति मिशन मोड में काम कर रही है।

- केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय और एमएनआईटी के बीच हुआ एमओयू





जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के तीसरे सबसे अधिक बांधों वाला देश है। यहां छह हजार से अधिक बांध है। 25 प्रतिशत से अधिक बांध ऐसे हैं, जिनकी 50 प्रतिशत से ज्यादा की समय अवधि पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांधों की सुरक्षा को लेकर संकल्प लिया और वर्ष 2021 में बांध सुरक्षा से संबंधित कानून बनाया। उन्होंने कहा कि बांधों के रख-रखाव से तात्पर्य उसके ढांचे की सुरक्षा ही नहीं है, बल्कि उसके सिस्टम को ठीक रखना भी है। इससे बाढ़ जैसी आपदाओं से भी बचा जा सकेगा।

# 'टेंडर में दो प्र.श. कमीशन लेता था संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव'

## जयपुर के योजना भवन में डी.ओ.आई.टी. के बेसमेंट की अलमारी में 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने का मामला

**जयपुर।** सचिवालय के पीछे योजना भवन में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट की अलमारी में 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने के मामले में गिरफ्तार संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव टेंडर दिलवाने के एवज में 2 प्रतिशत कमिशन लेता था।

मामले में तीन दिन की पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी वेदप्रकाश से एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित शर्मा के नेतृत्व में पूछताछ चल रही है। सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में सामने आया कि आरोपी वेदप्रकाश डीओआईटी में खरीददारी के लिए बनी परचेजिंग कमेटी में सदस्य था। वह कम्यूटर, प्रिंटर, स्टेशनरीमें कमीशन लेता था। इसी तरह इलैक्ट्रोनिक डिसप्ले, ई-मित्रा प्लस रूरल व अरबन मशीन के टेंडर दिलवाने में ठेकादारों तथा कंपनियों के प्रतिनिधियों की मदद करता था। इसके बदले उसे दो प्रतिशत कमिशन मिलता था। रिश्वत में मिले पैसे को वह सुरक्षा की दृष्टि से अपने ऑफिस के पास बने बेसमेंट में रखी अलमारी में रखता था। उसने दिल्ली की चार फार्म से रिश्वत की राशि ली थी। जांच में यह भी सामने आया कि अलमारी ये राशि काफी समय से रखी हुई थी। बैग में मिले नोटों के बंडलों पर लगे रबड बैंड लम्बा समय होने के कारण खराब होकर नोटों से चिपक गए थे। आरोपी ने पिछले काफी लम्बे समय से यह रिश्वत का खेल चला रखा था। कमीशन और रिश्वत की राशि से उसने जयपुर में जगतपुरा स्थित पार्थ नगर में 252 मीटर का जेडीए पट्टेशुदा प्लाट, फागी रोड पर खुद और पत्नी सरला यादव के नाम से दो प्लाट, कालवाड़ रोड स्थित सुशांतसिटी में पत्नी के नाम से एक भूखंड व एक अन्य प्लाट ले रखा था। वह इसी रिश्वत की रकम से अपने बच्चों को हायर एजुकेशन दिलवा रहा था। उधर एसीबी मामले में योजना भवन सहित कुछ प्राइवेट लोगों को पूछताछ के लिए भी बुला सकती है। एसीबी पिछले 5 साल में जिन कम्पनियों के साथ डीओआईटी की डील हुई है, उनकी जानकारी ले रही है। जल्द इन कम्पनियों के प्रतिनिधियों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

- इस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी संयुक्त निदेशक से एसीबी पूछताछ करने में जुटी
- आरोपी कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्टेशनरी की खरीद और इलैक्ट्रोनिक डिसप्ले, ई-मित्रा प्लस रूरल व अरबन मशीन के टेंडर दिलवाने के लिए ठेकादारों तथा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कमिशन लेता था।

गौरतलब है कि शुक्रवार को योजना भवन में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट में बने स्टोर में रखी एक अलमारी में दो बैगों में 2.31 करोड़ की नकदी के साथ 1 किलो सोना बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विभागीय कर्मचारियों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शनिवार शाम को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव को गिरफ्तार लिया था। पूछताछ में उसने यह रकम और सोना खुद का होना बताया था।

## एमबाप्पे के दो गोल से फ्रांसीसी लीग में 11वें खिताब के करीब पहुंचा पीएसजी

पेरिस, 22 मई। काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ( पीएसजी) ने ऑक्सेरे को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना 11वां खिताब लगभग सुनिश्चित किया। गत चैंपियन पीएसजी के इस जीत से 36 मैचों में 84 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से छह अंक आगे हो गया है। उसका लेंस की तुलना में गोल अंतर काफी बेहतर है। उसे अब सैंट एटीने के 10 खिताब के रिकॉर्ड को पार करने के लिए केवल एक अंक की जरूरत है। अभी लीग में दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। एम्बाप्पे ने आठवें मिनट तक ही पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया था। इन दोनों गोल को करने में लियोनेल मेसी ने उनकी मदद की। एम्बाप्पे इस सत्र में अभी तक सर्वाधिक 28 गोल कर चुके हैं और वह लियोन के स्ट्राइकर अलेक्सांद्र लोकाजेटे से दो गोल आगे हो गए हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग में खिताबी हैट्रिक बनाई

मैनचेस्टर, 22 मई। मैनचेस्टर सिटी ने अपने घरेलू मैदान पर चेल्सी 1-0 से पराजित करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरा खिताब जीता। मैनचेस्टर सिटी का यह पिछले छह सत्र में पांचवां खिताब है और वह एक सत्र में तीन खिताब जीतने की तरफ बढ़ रहा है। उसे अभी एफए कप के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और चैंपियंस लीग के खिताबी मुकाबले में इंटर मिलान का सामना करना है। मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने कहा,'' सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक कहलाने के लिए हमें यूरोप को जीतना होगा, हमें चैंपियंस लीग जीतनी होगी।'' चेल्सी के खिलाफ जीत से मैनचेस्टर सिटी का सभी प्रतियोगिताओं में अजेय अभियान 24 मैच तक पहुंच गया है। चेल्सी पर उसकी जीत में जूलियन अल्वारेज ने 12वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ।

## अल्काराज ने फिर पहना नंबर एक का ताज

लंदन, 22 मई। स्पेन के युवा सनसनी टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ सोमवार को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर लौट आये। पेशेवर टेनिस खिलाड़ी संघ (एटीपी) की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अल्काराज़ 6815 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अल्काराज़ को नंबर एक पर लौटने के लिये पिछले हफ्ते हुए इटालियन ओपन में सिर्फ एक मैच खेलने की जरूरत थी। वह इस प्रतियोगिता में तीसरे राउंड तक पहुंचे जहां हंगरी के फेबियन मरोज़ान ने उन्हें शिकस्त दे दी।

# पहले क्वालीफायर में पांड्या की पलटन से भिड़ेंगे धोनी के धुरंधर

चेन्नई, 22 मई। महेंद्र सिंह धोनी के आखिरी आईपीएल सीजन में खिताब जीतने का ख्वाब देखने वाली चेन्नई सुपर किंग्स मंगलवार को पहले क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स का सामना करेगी। गुजरात भले ही 14 में से 10 लीग मैच जीतकर तालिका में शीर्ष पर रही हो, लेकिन चेपौक स्टेडियम पर चेन्नई को हराना उसके लिये आसान नहीं होगा। हार्दिक पांड्या की टीम ने आईपीएल 2023 के उद्घाटन मैच में चेपौक का किला फतह किया था और वह इस बार भी उसी रणनीति को अपनाना चाहेंगे। टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत करने के बाद लय हासिल करने वाली चेन्नई भी गुजरात की योजनाओं को विफल करने के लिये एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा देगी।

धोनी के धुरंधरों को सबसे पहले गुजरात के सलामी बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट के भविष्य शुभमन गिल से निपटना होगा। गिल पिछले दो आईपीएल मैचों में दो शतक जड़कर आ रहे हैं, जिनमें से एक ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आईपीएल से बाहर कर दिया था। वह इस सीजन 56.57 की औसत और 152.47 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बना चुके हैं। गिल की फॉर्म मंगलवार को चेन्नई का सिरदर्द साबित हो सकती है। ऐसे में चेन्नई को उम्मीद होगी कि दीपक चाहर शुरुआती ओवरों में अपनी स्विंग से जल्दी विकेट निकाल सकें।

चाहर पिछले दो मैचों में छह विकेट लेकर पूरे रंग में नज़र आये हैं, जबकि श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने भी इस सीजन डेथ ओवरों में कमाल का प्रदर्शन किया है। यह जोड़ी अगर अपने शत प्रतिशत प्रदर्शन पर हो तो गुजरात की बल्लेबाजी को गहरी क्षित पहुंचा सकती है। गुजरात का मध्यक्रम हालांकि इन गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। हार्दिक पांड्या, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया और राशिद खान जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों से सजी टीम में विजय शंकर ने भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी से जगह बनायी है। यह गुजरात के लिये अच्छा संकेत ही है कि अलग-अलग मैचों में अलग-अलग बल्लेबाजों ने अपना जौहर दिखाया है।

दूसरी ओर, चेन्नई की बल्लेबाजी ने भी इस सीजन आक्रामक रवैया अपनाया है और पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 77 रन से रौंदने के बाद इस टीम का आत्मविश्वास चोटी पर होगा। यह चुनौती हालांकि चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें आईपीएल 2023 के दो सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करना है।

इस सीजन सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में पहले स्थान पर मौजूद मोहम्मद शमी जहां शुरुआती ओवरों में स्विंग से चेन्नई को चिंता में डाल सकते हैं, वहीं दूसरे स्थान पर मौजूद राशिद खान अपने हमवतन नूर अहमद के साथ चेन्नई को फिरकी में फंसाने की क्षमता रखते हैं। फिर भी, चेन्नई डेवन कॉनवे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों शिवम दूबे जैसी युवा प्रतिभाओं को लेकर जीत की उम्मीद के साथ अपने घरेलू मैदान पर, घरेलू दर्शकों के बीच जीत की उम्मीद लेकर उतर सकती है।

# कोहली के घुटने में मामूली चोट, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं : बांगड़

बेंगलुरू, 22 मई। विराट कोहली के घुटने में रॉयल चैलेंजर बेंगलोर और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान चोट लग गई थी लेकिन उनके मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि यह चिंताजनक नहीं है।

आरसीबी अंतिम लीग मैच में गुजरात से छह विकेट से हारने के कारण आईपीएल से बाहर हो गया है। कोहली ने शतक जड़ने के बाद विजय शंकर का शानदार कैच लिया था लेकिन इस बीच उनका घुटना चोटिल हो गया। कोहली की मदद करने के लिए फिजियो आया लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को मैदान छोड़ना पड़ा और वह अंतिम पांच ओवर में डगआउट में बैठे रहे।

बांगड़ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' हां, उनके घुटने में मामूली चोट आई है लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह गंभीर है।'' कोहली अभी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगातार मैचों में शतक जमाए।

बांगड़ ने कहा,'' उन्होंने चार दिन के अंदर लगातार मैचों में शतक जमाए। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो बल्लेबाजी में ही नहीं बल्कि क्षेत्ररक्षण करते समय अपना पूरा योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने काफी दौड़ लगाई। कुछ दिन पहले खेले गए मैच में वह 40 ओवर तक मैदान पर रहे और यहां उन्होंने 35 ओवर मैदान पर बिताए।''

कोहली उन सात भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए मंगलवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। काउंटी क्रिकेट में खेल रहे टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा इंग्लैंड में ही टीम से जुड़ेंगे। इस बीच गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि टी20 में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में खाली गेंद (डॉट बॉल) करना भी विकेट लेने जैसा ही है।

राशिद ने कहा,'' आईपीएल और टी-20 क्रिकेट प्रत्येक खाली गेंद विकेट लेने जैसा है। मैं इसे विकेट के रूप में लेता हूं क्योंकि बाउंड्री छोटी हैं और बल्लेबाज प्रत्येक गेंद पर बड़ा शॉट खेलना चाहता है।'' उन्होंने कहा,'' इस आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के कारण आप एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिला सकते हैं। इसलिए बीच के ओवरों में गेंदबाजी करते हुए मैं अधिक से अधिक खाली गेंद करने पर ध्यान देता हूं।''

## दर्शना अल्माटी शॉटगन विश्व कप में तीसरी स्थान पर

अल्माटी, 22 मई। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और खेलो इंडिया युवा खेलों की विजेता दर्शना राठौड़ सोमवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महिला स्कीट स्पर्धा के पहले दिन क्वालीफिकेशन में 71 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं। यूनान की इमानुएला केटजोराकी तीन दौर के बाद 72 के स्कोर से शीर्ष पर हैं। मंगलवार को क्वालीफिकेशन चरण के बाकी दो दौर खेले जाएंगे जिसके बाद आठ शीर्ष निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। फाइनल भी मंगलवार को ही खेला जाएगा। दर्शना भारतीय निशानेबाजों में शीर्ष पर चल रही हैं। स्पर्धा में हिस्सा ले रही गनीमत शेखों 69 के स्कोर से नौवें स्थान पर हैं। महेश्वरी चौहान ने 67 अंक जुटाए। पुरुष स्कीट वर्ग में सभी निशानेबाज क्वालीफिकेशन के तीन दौर पूरे नहीं कर पाए। भारत के मेराज अहमद खान उनमें से एक हैं। वह 12वें स्थान पर हैं जबकि तीसरे दौर में उनके 19 शॉट बचे हैं। गुरजोत खांगुरा 72 अंक के साथ 17वें जबकि अनंतजीत सिंह नारूका 70 अंक के साथ 31वें स्थान पर हैं। पुरुष स्कीट फाइनल भी मंगलवार को होंगे।

# पहलवान नार्को टेस्ट करवाने के लिए तैयार

नयी दिल्ली, 22 मई। ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने नार्को टेस्ट करवाने की बृजभूषण शरण सिंह की चुनौती को स्वीकार करते हुए सोमवार को कहा कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष का नार्को टेस्ट टीवी पर प्रसारित होना चाहिये। उल्लेखनीय है कि बृजभूषण के निजी सचिव संजीव सिंह ने रविवार को गोंडा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि पूनिया और विनेश फोगाट के नार्को टेस्ट करवाने पर बृजभूषण भी अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये तैयार हैं।

बृजभूषण ने इस बयान की पुष्टि करते हुए फेसबुक पर लिखा था, ''मैं नार्को टेस्ट करवाने के लिये तैयार हूं, लेकिन मेरी शर्त है कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया भी मेरे साथ इस टेस्ट से गुज़रें। अगर दोनों पहलवान यह टेस्ट करवाने के लिये तैयार हैं तो संवाददाताओं को बुलाकर इसकी घोषणा करें।''

जंतर-मंतर पर विनेश और साक्षी मलिक के साथ धरने पर बैठे बजरंग ने इसके जवाब में कहा, ''हम नार्को टेस्ट का सामना करने के लिए तैयार हैं लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि वह (बृजभूषण) भी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में और राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण के साथ टेस्ट का सामना करें।''

उल्लेखनीय है कि नार्को परीक्षण में एक दवा का प्रयोग किया जाता है जिसे लेने वाली व्यक्ति पर एक तरह की बेहोशी छा जाती है। व्यक्ति के सम्मोहक अवस्था में आने के बाद वह कम संकोची हो जाता है और ऐसी जानकारी दे सकता है जो वह शायद सामान्य अवस्था में न दे। जांच एजेंसियां इस परीक्षण का उपयोग तब करती हैं जब अन्य साक्ष्य मामले की स्पष्ट तस्वीर उपलब्ध नहीं कराते हैं। नियमों के मुताबिक, नार्को टेस्ट कराने के लिये संबंधित व्यक्ति की सहमति जरूरी है।

बजरंग ने कहा, ''हम देखना चाहते हैं कि कौन से प्रश्न पूछे जा रहे हैं। उसने विनेश और मेरे नार्को टेस्ट की मांग की है। मैं कहता हूं कि केवल हम दो को ही क्यों, बल्कि शिकायत दर्ज करने वाली सभी लड़कियों को नार्को टेस्ट से गुजरना चाहिए। इसी बीच, विनेश ने कहा कि पूरे देश को उनके साथ वर्षों से हुए अन्याय का पता लगना चाहिये।

एशियाई चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट विनेश ने कहा, पूरे देश को पता होना चाहिए कि हमने किस तरह के अत्याचार और अन्याय का सामना किया। वह एक स्टार नहीं बल्कि यौन उत्पीड़न का आरोपी है इसलिये कृपया उसके अनुसार व्यवहार करें।

प्रदर्शनकारी पहलवान अपने प्रदर्शन का एक महीना पूरा होने पर मंगलवार शाम एक बार फिर जंतर-मंतर से इंडिया गेट तक कैंडल मार्च का एक और दौर निकालेंगे। साक्षी ने कहा, ''हमें लोगों को याद दिलाना चाहिए कि हमारा विरोध शांतिपूर्ण है और भड़काऊ भाषणों या किसी भी तरह की परेशानी से शांति भंग करने की कोशिश करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। हम कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं।''

## स्क्वाश विश्व कप में जोशना भारतीय चुनौती की करेगी अगुवाई

चेन्नई, 22 मई। सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा 13 से 17 जून तक यहां होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसएफआरआई) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल और 'इंडियन स्क्वाश एंड ट्रायथलॉन अकादमी' में होगा। टूर्नामेंट में नौ देश भाग लेंगे। इसमें मेजबान भारत के अलावा हांगकांग, चीन, जापान, मलेशिया, मिस्त्र, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और कोलंबिया शामिल है। भारत में विश्व कप का पिछला सत्र भी 2011 में चेन्नई में आयोजित किया गया था। एसएफआरआई के मानद आजीवन अध्यक्ष एन रामचंद्रन ने कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि चेन्नई एक बार फिर 13 से 17 जून तक प्रतिष्ठित एसडीएटी-डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप की मेजबानी करेगा।